सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 167 | इंदौर, सोमवार 25 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## ◆ ये विधायक ले सकते हैं मंत्री पद की शपथ

एंदल सिंह कंसाना, नारायण सिंह कुशवाहा, प्रद्युम्न सिंह तोमर, तुलसी सिलावट, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, राकेश सिंह, प्रभुराम चौधरी, अर्चना चिटनीस, संपतिया उईके, हेमंत खंडेलवाल, चेतन कश्यप, ब्रजेंद्र प्रताप सिंह, कुंवर सिंह टेकाम, गोविंद सिंह राजपूत, प्रदीप लारिया, घनश्याम चंद्रवंशी, इंदर सिंह परमार, ऊषा ठाकुर, विश्वास सारंग, संजय पाठक, मालिनी गौड़ या रीति पाठक, राकेश शुक्ला या अमरीश शर्मा, निर्मला भूरिया या नागर सिंह, विक्रम सिंह या दिव्यराज सिंह,कृष्णा गौर या रामेश्वर शर्मा, राव उदय प्रताप।

## नड्डा से मिले सीएम डॉ. मोहन यादव

इससे पहले सीएम डॉ. मोहन यादव ने रविवार शाम को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि सोमवार को दोपहर 3.30 बजे मध्यप्रदेश के नए मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के नेतृत्व में हम फिर से विकास के लिए डबल इंजन सरकार चलाएंगे।

# मंत्रिमंडल विस्तार – कहीं खुशी, कहीं गम

### शपथ ग्रहण के पहले सीएम यादव इंदौर में

### सीएम ने राज्यपाल को सौंपी लिस्ट

### कृष्णा गौर, सिलावट, सारंग और राकेश सिंह को फोन पर सूचना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार आज होने जा रहा है। संभावना है कि मंत्रिमंडल के पहले विस्तार में 28 मंत्री शपथ ले सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह दोपहर साढ़े 3 बजे राजभवन में होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सुबह करीब सवा 9 बजे राजभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगुभाई पटेल को उन विधायकों के नाम सौंपे हैं, जो मंत्री के रूप में शपथ लेंगे। जिन विधायकों को मंत्री बनाया जा रहा है, उन्हें फोन पर सूचना देकर राजभवन में मौजूद रहने को कहा गया है। उधर, मंत्रिमंडल को लेकर उन विधायकों में तो खुशी है, जिनका नाम इसमें शामिल हैं, लेकिन वे जरूर गम में हैं, जिन्हें उम्मीद थी कि वे अबकी बार मंत्री बनेंगे। उधर, मुख्यमंत्री यादव मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह से पहले इंदौर आ रहे हैं। यहां वे कनकेश्वरी धाम परिसर में हुकुमचंद मिल के मजदूरों के बकाया भुगतान कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़ेंगे। वे श्रमिकों को संबोधित भी करेंगे। मंत्रिमंडल में कितने और कौन-कौन से विधायक शामिल होंगे, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

राजभवन से बाहर निकलते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से कहा, 'आज दोपहर साढ़े तीन बजे माननीय राज्यपाल नए मंत्रियों को शपथ दिलाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व और सीनियर नेताओं के मार्गदर्शन में नया मंत्रिमंडल प्रदेश की बेहतरी के लिए काम करेगा। पूर्व सांसद और जबलपुर पश्चिम विधानसभा सीट से विधायक राकेश सिंह को भोपाल से आज सुबह फोन आया। इसके कुछ देर बाद ही वे भोपाल के लिए रवाना हो गए। भोपाल की गोविंदपुरा विधानसभा सीट से विधायक कृष्णा गौर, नरेला विधायक विश्वास सारंग और सांवेर से विधायक तुलसीराम सिलावट को फोन पर मंत्रिमंडल में शामिल होने की सूचना मिल गई है।



## फर्जी मार्कशीट का 8 राज्यों में नेटवर्क

### होलोग्राम लगाकर 1200 से ज्यादा मार्कशीट बेची, खुद की वेबसाइट भी बनाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** फर्जी मार्कशीट कांड में रांची से गिरफ्तार हुए गिरोह के सरगना कुमार आर्यन उर्फ मुकेश और उसके चचेरे भाई अमित कुमार उर्फ आनंद सिंह से बड़े खुलासे हुए हैं। आरोपियों ने फर्जी मार्कशीट का गोरखधंधा 8 राज्यों ओडिशा, महाराष्ट्र, राजस्थान, मप्र, बिहार, यूपी, सिक्किम और उत्तराखंड में भी फैला रखा था। इंदौर में गिरोह ने दिनेश तिरोले जैसे 4 से 5 एजेंट बना रखे थे। पुलिस को उनकी तलाश है। विजय नगर टीआई रवींद्र गुर्जर ने बताया दोनों आरोपियों ने दिनेश तिरोले के अलावा और भी एजेंट नियुक्त करना कबूला है। आरोपियों का 1 जनवरी तक का पुलिस रिमांड मिला है। इस गैंग ने 8 राज्यों में अपना नेटवर्क होने की बात कही है। पिछले डेढ़ से 2 साल में गिरोह के सदस्यों ने देशभर की हर प्रमुख यूनिवर्सिटी, स्कूल व कॉलेज की 1200 से ज्यादा मार्कशीट बनाकर बेचना कबूल किया है। जांचकर्ता टीम ने बताया कि आरोपी कुमार आर्यन ने एमएसपी (माध्यमिक शिक्षा परिषद) के नाम से एक वेबसाइट भी बना रखी थी। इसी के जरिए कम पढ़े-लिखे, बेरोजगार युवाओं को उनकी जरूरत के हिसाब से 2 हजार से 15 हजार रुपए तक में फर्जी मार्कशीट होलोग्राम लगाकर बनाकर देते थे। इसकी डिलीवरी के लिए इन्होंने विभिन्न कोरियर कंपनियों से भी सांठगांठ कर रखी थी। वहीं ये लोग पैसा ऑनलाइन ही लेते थे। इधर, पुलिस की एक टीम मार्कशीट पर उपयोग किए जा रहे होलोग्राम बनाने वाले की तलाश कर रही है।

# डकैती की योजना बनाते हुए 6 आरोपी धराए

### ◆ करीब तीन लाख रुपए का माल बरामद, अन्य चोरियां भी कबूल की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। औद्योगिक नगरी पीथमपुर के थाना सेक्टर 1 अंतर्गत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने डकैती की योजना बनाते 6 लोगों को गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी संतोष दूधी ने बताया कि कल रात क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग पीथमपुर एनर्जी पंप के पीछे बैठ कर शराब पी रहे और डकैती की योजना बना रहे है।**

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पाया कि करीब 6 लोग खाली मैदान में बैठ कर पंप पर डकैती की योजना बना रहे है। पुलिस ने आरोपियों को पंप पर धावा बोलने और डकैती डालने की तैयारी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से एक लोहे की तलवार, दो लोहे के छुरे, दो लोहे की रॉड, एक फावड़े का लकड़ी का बैंत व मिर्ची का पाउडर मिला।

सख्ती से पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम मोहित पिता नैनसिंह सोलंकी (20) निवासी पीथमपुर, छोटू पिता विक्रम सिंह ठाकुर (22) निवासी इंदौर, बिट्टू पिता संजय गंगोरे (19) निवासी पीथमपुर, आदर्श पिता पीलूसिंह यादव जाति (19) निवासी पीथमपुर, अतुल पिता विजय सिंह चौहान (23) निवासी पीथमपुर और प्रमोद पिता राजकुमार सैंगर जाति राजपूत (18) जिला जालौन उत्तर प्रदेश बताया।

पूछताछ में आरोपियों ने अन्य जगहों पर चोरी करना भी कबूला। आरोपियों से करीब ढाई से तीन लाख का माल भी बरामद किया। इसमें अलग-अलग कंपनियों से चुराया गया माल भी शामिल है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी संतोष दूधी, उप निरीक्षक ओम प्रकाश बड़ोनिया, सहायक उप निरीक्षक चंद्र शेखर पटेल, केके परिहार सहायक उप निरीक्षक रज्जाक खान, प्रधान आरक्षक अमित पाठक, सूरज तिवारी, महेश यादव, विजय सिंह, आरक्षक प्रमोद बामनिया, शंकर सिंह की भूमिका रही।

# फर्जी निकली 57 लाख की चोरी की कहानी

### ◆ अफसरो ने की पूछताछ, बाद में कहां सौदे के रूपये ना देने पड़े इसलिये रची थी कहानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। द्वारकापुरी में प्रॉप्र्टी ब्रोकर और धार्मिक कथा करवाने वाले व्यक्ति ने 57 लाख की चोरी की सूचना पुलिस को दी। उसने बताया था कि बदमाश रात में नकुचा तोडकर घुसे ओर घर से सोने चांदी के जेवर सहित केश रूपये लेकर चले गए। इसके बाद सीने में दर्द की शिकायत करते वह अस्पताल में भर्ती हो गया। इतनी बढ़ी चोरी होने की बात पर अफसर ओर स्थानीय पुलिस हालाकान हो गई। जिसमें लगातार सीसीटीवी फुटेज ओर ब्रोकर के अस्पताल से घर आने का इंतजार करती रही। रविवार रात अफसरों ने ब्रोकर को थाने बुला लिया। उससे कई बिदुओं पर पूछताछ की तो वह टूट गया। उसने बताया कि मार्केट में रूपये ना देना पड़े। इसलिये उसने चोरी की कहानी रची। फिलहाल अफसर पूरे मामले में जल्द खुलासे की बात कर रहे है।**

एडीशनल डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा की टीम ने बिल्सी कारखाने रोड़ पर हुई 57 लाख की चोरी की कहानी सुलझा ली है। इस चोरी में संजय पाटिल की कहानी फर्जी निकली। संजय को रविवार को अफसरों ने थाने बुलाया। आधी रात से ज्यादा समय तक उससे पूछताछ में कबूला कि प्रॉप्र्टी के सौदे में उसे आगे रूपये देने के लिये नही थे। इसके चलते उसने पूरी कहानी रची। इसके बाद अफसरों ने रात में उसे थाने में ही बैठने के लिये कहां। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है।

### आसपास के फुटेज ओर पड़ोसियों ने खोला राज

संजय पाटिल को लेकर स्थानीय पुलिस के जवानो को शुरू से ही शंका थी। उसका रिकार्ड इलाके में ठीक नही। वह खुद को बेल पत्र वाला बाबा बताने के साथ अलग अलग काम बदलते रहता है। कुछ स्थानीय लोगो को साथ लेकर धार्मिक आयोजन करने लगा। इसके साथ ही प्रॉप्र्टी के काम कर सौदे उठाकर उन्हें आगे बेच देता है। जहां सौदा नही जमता उसे कैसल कर देता है। जब संजय के सामने उसकी सारी बाते रखी तो वह अफसरों से नजर नही मिला पाया। इसके बाद ही सीसीटीवी कैमरो की रिकार्डिग ओर अन्य सबूत भी उसके सामने रखे। जिसमें वह जबाव नही दे पाया। इसके बाद अफसरों के सामने झूठी कहानी रचने की बात कही।

### यह बताई थी कहानी

पाटिल ने पुलिस को अपनी कहानी में बताया था कि उनका भतीजा यश अपने कमरे में सोए थे। जबकि बेटा अनमोल दादी को लेकर खंडवा के पास अपने गांव गया था। इस दौरान चोर दूसरे कमरे का नकुचा तोड़ अंदर घुसे। इस कमरे में कोई नहीं था। चोर यहां अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी चुराकर भाग निकले। वारदात का पता तब चला जब सुबह किराएदार निखिल उठा और कमरे का दरवाजा खुला देखा। अंदर पलंग पेटी का सामान बिखरा था। इस पर उसे शक हुआ और उसने पड़ोसी को बताया।

## तालाब में गिरी मजदूरों से भरी पिकअप, 11 घायल

**इंदौर।** महू के बड़गोंदा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम जामली में मजदूरों से भरी एक पिकअप वाहन रविवार सुबह तालाब में जा गिरा। हादसे में 11 लोग घायल हो गए, जिन्हें 108 की मदद से शहर के सिविल अस्पताल लाया गया। यहां सभी का इलाज चल रहा है। दरअसल, रविवार को धामनोद से महू की ओर आ रही मजदूरों से भरी पिकअप वाहन असंतुलित होकर ग्राम जामली के पास तालाब में जा गिरा। राहगीरों ने बताया पिकअप वाहन में 65 से ज्यादा मजदूर सवार थे। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तत्काल तालाब में उतर कर पिकअप में से लोगों को बाहर निकाला और 108 को सूचना दी। मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस घायलों को शहर के सिविल हॉस्पिटल लेकर पहुंची। यहां 11 घायलों का इलाज चल रहा है।

कटाक्ष




# सड़क हादसा : हास्पिटल मैनेजर की मौत

### ◆ नाबालिग ने बाइक सवार दंपती को मारी थी टक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इल्वा स्कूल के पास रविवार रात बाइक से जा रहे एक दंपती को एक मोपेड सवार युवक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर बैठे पति-पत्नी सडक पर गिर गए। इस हादसे में पति की मौत हो गई। जबकि पत्नी घायल है।**

जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक घटना सपना संगीता रोड स्थित लोटस इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के पास वाली गली में इल्वा स्कूल के नजदीक की है। राजेश परसाई (50) निवासी स्नेह नगर अपनी पत्नी नंदनी के साथ बाइक से कलेक्टर के पास लगे मेला आयोजन को देखने के लिये निकले थे। वह घर से कुछ दूरी पर पहुंचे तभी तेज रफ्तार मोपेड से आया एक लडका उनकी बाइक में जा घुसा। इस दौरान दंपती सडक पर जा गिरे। इस हादसे में सिर के बल गिरे राजेश परसाई के सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। यहां उनकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मोपेड नाबालिग बच्चा चला रहा था। परिवार से मिली जानकारी के मुताबिक राजेश परसाई नवलखा स्थित शुक्ला हास्पिटल में मैनेजमेंट का काम देखते थे। वे यहां 20 सालों से काम कर रहे थे। उनके परिवार में दो बच्चे हैं। जो पढ़ाई कर रहे हैं। वही बड़े भाई भी हैं। जूनी इंदौर पुलिस हादसे को लेकर जांच की बात कह रही है।

### यहां भी हादसे में एक ने मौके पर दम तोड़ा, दूसरे ने इंदौर अस्पताल में हुई मौत

इंदौर से रिश्तेदारों के यहां गमी के कार्यक्रम में शामिल होने गए। दो युवक हादसे का शिकार हो गए। दो दिन पहले वापस आते समय उनकी बाइक को आइसर वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरे को उपचार के लिये एमवाय भेजा गया। यहां रविवार शाम दूसरे व्यक्ति ने भी दम तोड़ दिया। एमवाय चौकी पुलिस के मुताबिक घनश्याम पुत्र जग्गू उर्फ जगदीश सिंगार निवासी बेटमा की एमवाय अस्पताल में रविवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घनश्याम अपने रिश्तेदारा दिनेश के साथ गमी के कार्यक्रम में शामिल होने दो दिन पहले बदनावर गए। यहां से तीन लोग बैठकर इंदौर की तरफ निकले। एक रिश्तेदार रास्ते में ही उतर गए। इसके बाद दिनेश ओर घनश्याम इंदौर के लिये रवाना हुए। इंदौर धार रोड़ हाईवे पर तेज रफ्तार आयशर ने पीछे से उन्हें टक्कर मार दी। दोनो हादसे में कई फीट दूर जा गिरे। दिनेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घनश्याम को पहले धार फिर इंदौर रैफर किया गया। दोनो पेशे से किसान है। घनश्याम के परिवार में दो बच्चे ओर पत्नी है।

# आज लॉन्च होगा निगम का रेडियो

## सिटी बस ऑफिस के भवन से संचालित होगा रेडिया

**इंदौर । इंदौर नगर निगम कल सोमवार के दिन इतिहास रचने जा रहा है । इस दिन देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिवस है । इस दिन नगर निगम का अपना रेडियो लॉन्च हो रहा है । इस रेडियो को अटल जी के नाम पर समर्पित करते हुए अटल रेडियो के रूप में शुरू किया जा रहा है ।**

मध्य प्रदेश में इंदौर नगर निगम पहला ऐसा नगर निगम होने जा रहा है जो कि अपना रेडियो शुरू कर रहा है । नगर निगम की ओर से रेडियो शुरू करने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है । महापौर पुष्यमित्र भार्गव यह चाहते थे कि नगर निगम का अपना रेडियो होना चाहिए । इस रेडियो के माध्यम से नागरिकों को नगर निगम के बारे में, उसके कार्यों के बारे में, जानकारी के साथ ही साथ राज्य तथा केंद्र सरकार के द्वारा जनता के लिए संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी भी नागरिकों को दी जा सकेगी ।

### लम्बे समय से रेडियो स्टेशन शुरू करने पर चल रहा था विचार

इसके लिए रेडियो स्टेशन शुरू करने का विचार रखा गया था । इस विचार को अमल में लाने के लिए काफी काम किया जा चुका है । यह स्टेशन सिटी बस कंपनी के मुख्यालय के भवन से चलेगा । पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के अवसर पर इस रेडियो को शुरू करने की योजना तैयार की गई है । इस बारे में पूछे जाने पर महापौर भार्गव ने बताया कि कल इस रेडियो को शुरू किया जा रहा है । अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा किया जाएगा लेकिन इतना निश्चित है कि कल यहां रेडियो स्टेशन शुरू हो जाएगा ।

### सिटी बस में बजेगा यह रेडियो

सिटी बस कंपनी के माध्यम से इंदौर नगर निगम के द्वारा संचालित की जा रही सिटी बस सेवा में यही रेडियो बजेगा । शहर भर में चल रही सभी सिटी बस में यात्रा करने वाले यात्रियों को इस रेडियो के माध्यम से सूचना और मनोरंजन दोनों मिल सकेगा । इसके साथ ही नागरिक अपने घर अथवा गाडी में भी यह रेडियों सुन सकेंगे ।

## रक्तदान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन

**इंदौर।** वीर बाल दिवस को समर्पित रक्तदान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन गुरु तेगबहादुर हास्पीटल नंदा नगर पर किया गया शहीद उधमसिंह सेवा सिमीती एवं हास्पीटल के सयोग से किया गया । शिविर का शुभारंभ विधायक रमेश मेंदोला एवं संसदशंकर ललवानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। विषेश अतिथि थे जसवीर सिंह गाधीं प्रविन्दर सिंह भाटिया जसमीत सिंह नारंग डीपी श्रीवास्तव प्रदीप देश पांडे थे । प्रारंभ में अतिथियो का सवागत जगप्रीत सिंह टुटेजा महेंद्र भार्गव संजय बाके विकास खेड़े ने किया कार्यक्रम का संचालन हास्पीटल के सचिव डा.एस एस उवेजा ने किया आपने बताया कि इंसान को जींदा रखने के लिए इंसान ही इंसान के काम आता है यह एक बड़ी समाज सेवा है 50 यूनीट रक्तदान किया।

## मिमरोट ने पदभार ग्रहण किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर शहर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष लच्छू मिमरोट ने सर्व प्रथम बलिनाथ महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा राजवाडा पर अहिल्या प्रतिमा को चुनरी भेट कर गाँधी भवन मे पदभार ग्रहण किया. लच्छू मिमरोट ने मध्य प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष स्वप्निल कोठारी एवं महेंद्र रघुवंशी की उपस्थिति मे पदभार ग्रहण किया साथ अपनी ताकत का भी सेकड़ो साथिओं को साथ लेकर गाँधी भवन पहुंचकर कराया. मिमरोट के साथ. कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव और अंकित खडायता भी साथ रहे..सभी समाज के प्रमुखो ने पहुंचकर कांग्रेस के प्रति अपनी निष्ठा जाहिर की.. जिसमे प्रमुख रूप से रमेश घाटे. पप्पू मालवीय रामकरण गोठवाल. करण सिंग गोलिया. संतोष इंगले. आर बी भदौरिया. विजय बिसेन. भारत जिनवाल. अनीता कुंहारे बब्बी यादव. अशोक यादव. दीपचंद पंचोली. सचिन जैन. मोहिंदर वर्मा. कन्हैया मिमरोट.गगन कछवाह. दिनेश सिरसिवाल. विकास यादव. दिनेश मालवीय. बादशाह मिमरोट आदि ने पुष्प माला से स्वागत कर शुभकामनाए दी




# पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान की भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से शिकायत

**छिंदवाड़ा जिलाध्यक्ष साहू ने कहा- कांग्रेस के साथ मिलकर मुझे बदनाम किया, कार्रवाई हो**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। छिंदवाड़ा में भाजपा जिलाध्यक्ष बंटी साहू और पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह के बीच चल रहा मनमुटाव अब प्रदेश संगठन तक पहुंच गया है। रविवार को छिंदवाड़ा की 5 विधानसभा सीटों के प्रत्याशियों ने भोपाल आकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से मुलाकात की। उन्होंने पूर्व मंत्री पर एक्शन लेने को कहा है।**

पार्टी प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात के बाद साहू ने मीडिया से चर्चा में कहा, ह्यपिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन और मेरे खिलाफ एक षड्यंत्र रचते हुए मुझे बदनाम करने का प्रयास किया गया। हमारे कुछ लोगों और कांग्रेस के बड़े लोगों ने मिलकर षड्यंत्र रचा था। इस विषय में प्रदेश अध्यक्ष को पूरी जानकारी दी है। विधानसभा चुनाव में हुए भीतरघात को लेकर बात रखी है। हमें पूर्ण विश्वास है कि निश्चित तौर पर जल्द से जल्द कार्रवाई होगी।

आपकी शिकायत का इशारा चंद्रभान सिंह की ओर है? इसके जवाब में साहू ने कहा, ह्यहम अनुशासित कार्यकर्ता हैं। प्रदेश अध्यक्ष के सामने सारी बातें रख दी हैं। मैंने थाने में भी शिकायत की है। कुछ गिरफ्तारियां हुई हैं। भाजपा निष्पक्ष रूप से कार्रवाई करती है। मुझे उम्मीद है कि जल्द कार्रवाई होगी।

बंटी साहू ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत में छिंदवाड़ा के कार्यकर्ताओं की बड़ी भूमिका है। कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण कांग्रेस के मुख्यमंत्री पद के दावेदार कमलनाथ को 27 में से 23 दिन छिंदवाड़ा में ही रहना पड़ा। वे बाहर नहीं निकल पाए।

### बंटी साहू को लेकर पोस्ट, चंद्रभान बोले- मेरा लेना-देना नहीं

दरअसल, विवेक बंटी साहू को लेकर तीन दिन पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली गई। इसे लेकर साहू, उनकी पत्नी शालिनी साहू और समर्थक शुक्रवार रात छिंदवाड़ा में कोतवाली थाने पहुंचे। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने कहा- सोशल मीडिया के जरिए भ्रामक जानकारी फैलाकर छवि को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। ये सब पूर्व कैबिनेट मंत्री के इशारे पर किया जा रहा है।

इसके जवाब में पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह का कहना था, ह्यकिसी का चरित्र हनन करना गलत है। इस मामले में उनका नाम जोड़ना शर्मनाक है। सोशल मीडिया पर चल रही पोस्ट से मेरा लेना-देना नहीं है। मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाए।

## ठेकदार ने पुलिसकर्मियो पर मारपीट का आरोप लगाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन से गरोठ रोड बना रहे ठेकदार से राघवी थाने के पुलिसकर्मियों पर शराब के नशे में मारपीट करने एवं धारा 151 में बंद करने का आरोप लगा है। मारपीट में घायल ठेकेदार को हॉस्पिटल मैं भर्ती किया है। उक्त जानकारी देते हुए ठेकेदार दिनेश ने बताया कि एनएचएआई द्वारा जीएचवी कंपनी के माध्यम से इंदौर से गरोठ रोड का निर्माण किया जा रहा है। उज्जैन जिले की सीमा में जीएचवी कंपनी द्वारा वेंडर के माध्यम से अलग जगह पर अर्थ वर्क कराया जा रहा है। राजस्थान निवासी रामस्वरूप जाट वर्तमान में खेडा खजुरिया तहसील महिदपुर में प्रोजेक्ट पर मिट्टी डालने और अर्थ वर्क कर रहे है। हॉस्पिटल में भर्ती जाट के अनुसार रात्रि के 12 बजे के लगभग अपने घर पर स्टाफ सो रहा था तो वहां पर एक गाडी एम पी 13 झेड सी 7652 रूकी जिसमें से चार लोग सादी ड्रेस में शराब के नशे में उतरे एवं मुझे घर मे घुसकर उठाया एवं कहा कि हम पुलिस वाले हैं, गाली गलौच देकर पूछने लगे यह सामने डंपर किसका है तो मैने कहा कि यह ठेकेदार का डंपर है। यहां पर रोड का काम चल रहा है तो वे चारो मेरे एवं स्टाफ के 5 लोगों के साथ मारपीट करने लगे एवं मेरी गाडी हुंडई वेन्यु आर जे 45 सी जे 8939 मे भी लात घूंसो एवं लठ से तोड फोड की एवं घर का सामान बाहर फेंक दिया एवं उन्होंने 2 पुलिसकर्मी राघवी थाने से और बुला लिये एवं मुझे एवं स्टाफ अपने साथ ले जाकर थाने में धारा 151 में बंद कर दिया तथा थाने में भी मेरे एवं स्टाफ के साथ अत्यधिक लात घूंसो एवं डंडे से मारपीट की जिससे मेरे मुह एवं नाक, पैर पर गंभीर चोट आई। इसके वीडियो भी बनाए गये है।

## डबल मर्डर के पीछे चुनावी रंजिश

**परिजन बोले-बिजली काटकर चलाई गोलियां**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बीना। सागर जिले के बीना में अलाव ताप रहे परिवार पर 20 से ज्यादा लोगों ने हमला कर दिया। गोली लगने से देवर-भाभी की मौत हो गई। दो सगे भाई समेत तीन लोग गंभीर घायल हैं। हमलावरों ने करीब आधा घंटे तक हंगामा किया। कट्टों से गोलियां चलाई। लाठी, फरसे और पत्थरों से भी मारपीट की।**

पीड़ित परिवार ने बताया कि यह हमला विधानसभा चुनाव की रंजिश को लेकर किया गया है। आरोपियों ने पांच दिसंबर को छोटे भाई से विवाद किया था, पुलिस तब कार्रवाई कर लेती तो यह घटना नहीं होती। बीना से करीब 50 किलोमीटर दूर स्थित शेखपुर गांव में हुए इस हत्याकांड के बाद गांव में घुसते ही पीड़ित का घर है। वहां पार्वती यादव (42) मिलीं। वे भी हमले में घायल हुई हैं। पार्वती ने बताया कि इस हमले में उनकी समधन सरस्वती पति मलखान सिंह यादव (45) और समधी के भाई रूपेंद्र पिता मुन्ना सिंह यादव (26) की मौत हो गई। वे भी गांव में ही रहती हैं इसलिए उनका इस घर में आना-जाना बना रहता है। विवाद के समय वे भी इसी घर में थीं।

### घर की बिजली काटकर चलाई गोलियां

पार्वती ने बताया, ह्यशुक्रवार रात करीब 9 बजे हमारे परिवार और गांव के कुछ लोग घर के बाहर बैठकर आग ताप रहे थे। उसी समय गांव के कोमल सिंह, नितिन यादव, निर्भय यादव, जसवंत यादव, भारत यादव, अरविंद यादव सहित करीब 20 लोग हथियार लेकर आ गए। कलावती, सेवंती, लक्ष्मी, नीमा सहित अन्य महिलाएं भी साथ थीं। वे गाली-गलौज करने लगे। गालियां देने से मना किया तो उन्होंने बिजली की लाइन काट दी और दनादन गोलियां चलाईं। हम लोग अपनी जान बचाकर इधर-उधर भागे।

### चुनाव को लेकर शुरू हुआ विवाद

दशरथ ने बताया, ह्यहमारा परिवार भाजपा का समर्थन करता है। विधानसभा चुनाव को लेकर हमारा दावा था कि भाजपा विधायक महेश राय फिर जीतेंगे। प्रदेश में भी सरकार बनेगी। गांव के कोमल सिंह, नितिन यादव सहित अन्य का कहना था कि यहां से कांग्रेस जीतेगी। प्रदेश में भी कांग्रेस आएगी। 3 दिसंबर को चुनाव परिणाम आया। 5 दिसंबर को मेरे छोटे भाई रामपाल सिंह और आरोपी निर्भय सिंह यादव के बीच विवाद हुआ था। विवाद के बाद से ही आरोपी पक्ष के लोग हथियार लेकर लड़ने आ जाते थे। वे परिवार को धमकी दे रहे थे। गाली-गलौज करते थे। इसकी शिकायत मंडी बामोरा पुलिस चौकी जाकर की थी। आरोपी निर्भय यादव पर कुछ महीने पहले जिलाबदर की कार्रवाई भी की गई थी। गुंडा एक्ट में भी उसका नाम शामिल है, लेकिन इसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस उसे पकड़ लेती तो आज मेरी मां और चाचा जिंदा होते।

## बोर्ड एग्जाम के पहले होंगे प्रैक्टिस एग्जाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश में फरवरी में हाईस्कूल और हायर सेकंडरी के एग्जाम होने हैं। अब 10वीं-12वीं के बोर्ड एग्जाम से पहले स्कूल शिक्षा विभाग ने परीक्षाओं की तैयारी के लिए जनवरी का शेड्यूल जारी कर दिया है। 8 से 13 जनवरी के बीच स्टूडेंट्स के लिए प्रैक्टिस एग्जाम कंडक्ट किए जाएंगे। दरअसल, मध्य प्रदेश में 10वीं के बोर्ड एग्जाम 5 से 28 फरवरी के बीच होने हैं। वहीं, 12वीं के एग्जाम 5 फरवरी से 5 मार्च, 2024 के बीच होंगे।**

### पेपर लोक शिक्षण संचालनालय से आएंगे

बोर्ड एग्जाम से पहले शिक्षा विभाग की तरफ से स्कूलों के लिए ये शेड्यूल स्टूडेंट्स को फाइनल एग्जाम का रिहर्सल कराने के लिए प्री-बोर्ड्स की तर्ज पर प्रैक्टिस एग्जाम कराए जाएंगे। इसके लिए 9वीं से 12वीं के स्टूडेंट्स के लिए लोक शिक्षण संचालनालय से बनकर आए क्वेश्चन पेपर्स स्कूलों को दिए जाएंगे।

### स्कूल को तैयार करने होंगे दो-दो सेट क्वेश्चन पेपर

इसके अलावा ऐसे सब्जेक्ट्स जिनके पेपर लोक शिक्षण संचालनालय से बनकर नहीं आएंगे, उन सब्जेक्ट्स के लिए स्कूलों में ही दो-दो सेट क्वेश्चन पेपर तैयार किए जाएंगे। स्कूल प्रिंसिपल को स्कूल में ही माध्यमिक शिक्षा मंडल की मार्किंग को ध्यान में रखते हुए क्वेश्चन पेपर के साथ हर सवाल का आंसर भी तैयार कराना होगा।

### डाउट क्लियर कर सकेंगे

स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश के मुताबिक 8 से 13 जनवरी के बीच हर दिन 9वीं से 12वीं के स्टूडेंट्स को सैंपल पेपर के जरिए फाइनल एग्जाम का रिहर्सल कराया जाएगा। शेड्यूल के हिसाब से हर सब्जेक्ट के पेपर से एक दिन पहले स्टूडेंट्स को उस सब्जेक्ट के सैंपल पेपर दे दिए जाएंगे और उन्हें सॉल्व करने के लिए 1 दिन का समय दिया जाएगा।

स्टूडेंट्स घर पर भी ये पेपर सॉल्व कर सकेंगे। अगले दिन क्लास में सब्जेक्ट टीचर स्टूडेंट्स के साथ पेपर का डिस्कशन करेंगे और उनके डाउट दूर करेंगे। इसके लिए दो पीरियड को मिलाकर स्पेशल क्लास पेपर डिस्कशन क्लासेस लगाई जाएगी।

### 15 जनवरी से होगा आंसर शीट का इवैल्यूएशन

इन परीक्षाओं के बाद 15 जनवरी से फरवरी में बोर्ड एग्जाम शुरू होने तक स्टूडेंट्स की आंसर शीट का इवैल्यूएशन किया जाएगा। टीचर को हर स्टूडेंट के कमजोर पॉइंट्स का एनालिसिस कर उसे इम्प्रूव करना होगा। इसे दौरान स्कूल में सभी क्लासेस रेगुलर टाइम टेबल के हिसाब से ही चलेंगी।

## क्रिसमस की छुट्टियों में महाकाल दर्शन के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**4 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे , यह स्थिति अब जनवरी तक रहेगी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में क्रिसमस पर्व की छुट्टिया लगते ही श्रद्धालुओं का सैलाब मंदिर में उमड़ पड़ा। सुबह से रात तक 4 लाख से अधिक श्रद्धालुजन दर्शन के लिए पहुंचे। रविवार को देशभर से आए भक्तों ने भगवान महाकाल के दर्शन किए। हालत यह थी कि मंदिर अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यवस्था करने में कड़ी मशक्कत करना पड़ी। अधिकारियों के अनुसार श्रद्धालुओं की भीड़ की यह स्थिति अब नए वर्ष जनवरी के प्रथम सप्ताह तक रहेगी।**

देशभर में वर्ष के अंतिम दिनों में क्रिसमस के अवकाश शुरू होने के बाद भगवान महाकाल के दरबार में भक्तों का तांता लगने लगा है। शनिवार से सोमवार तक लगातार 3 दिन की छुट्टियों के चलते महाकाल मंदिर में बाहर से दर्शन करने आने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शनिवार को महाकाल मंदिर में करीब ढाई लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वहीं रविवार को सुबह 6 बजे से रात तक दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं का आंकड़ा करीब 4 लाख के पार हो गया। मंदिर समिति के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया कि अवकाश होने से भस्म आरती के बाद से ही निरंतर श्रद्धालुओं की भीड़ भगवान महाकाल के दर्शन के लिए आ रही है। नंदी हाल के पीछे बेरिकेट्स से चार लाईन चलाकर श्रद्धालुओं को दर्शन कराए गए। क्रिसमस के साथ ही नए वर्ष के पहले अवकाश लेने के कारण यह स्थिति बनी है। आने वाले दिनों में भी श्रद्धालुओं की संख्या महाकाल मंदिर में अधिक ही रहेगी। इसके बाद सबसे अधिक संख्या 31 दिसंबर और 1 जनवरी को रहेगी। मंदिर समिति के अधिकारियों का अनुमान है कि इस बार 31 दिसम्बर और 1 जनवरी को करीब 10 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचेंगे। उसी हिसाब से महाकाल मंदिर में व्यवस्थाएं की जा रही है। पिछले वर्ष 1 जनवरी पर करीब 6 लाख श्रद्धालु महाकाल मंदिर दर्शन करने पहुंचे थे।

महाकाल मंदिर के लिए बाहर से दर्शनार्थियो के आगमन के कारण शहर में भी मंदिर के आसपास खासा व्यापार व्यवसाय हो जाता है। होटल वालो की तो यह हालत है कि कमरे कम पड़ रहे है। शहर की अधिकांश होटले जनवरी माह तक फूल हो चुकी है। श्रद्धालुजन आने के पहले ही होटल, पुजारी की बुकिंग करा लेते है वही ई-रिक्शा वाले भी चांदी काट रहे है। ऑटो और ई-रिक्शा वाले मनमाफिक किराया वसूल रहे है।

New Delhi

# दिल्ली-यूपी से राजस्थान तक घना कोहरा, कई जगह जीरो विजिबिलिटी, मौसम विभाग ने जारी किया Fog मैप

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान समेत देश के कई राज्य घने कोहरे की चपेट में हैं. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के तापमान में भी लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है. नए साल में कोहरे और ठंड का डबल अटैक बढ़ने की संभावना है. मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक, आने वाले दिनों में सर्दी का सितम बढ़ने की संभावना है. 25 से 28 दिसंबर तक दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में और घना कोहरा देखने को मिलेगा.

दिल्ली समेत देश के कई इलाके इस वक्त घने कोहरे की चपेट में है. कई जगह विजिबिलिटी जीरो हो गई है. दिल्ली में ठंड बढ़ने के साथ प्रदूषण और कोहरे की मार भी पड़ रही है.

सुबह के वक्त IGI एयरपोर्ट समेत कई इलाकों में विजिबिलिटी काफी कम है. राजस्थान, यूपी,



हरियाणा और पंजाब के कई इलाकों का भी यही हाल है.

मौसम विभाग ने दो दिन पहले ही घना कोहरा छाए रहने और तापमान में गिरावट आने की संभावना व्यक्त की थी जो सही साबित हो रही है. IMD की मानें तो आने वाले 3 दिन में कोहरा और बढ़ेगा. दिल्ली में 28 दिसंबर तक मध्यम से घना कोहरा देखने को मिलेगी तो वहीं पंजाब और हरियाणा में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी है.

लेटेस्ट अपडेट की बात करें तो सुबह 6 बजे के करीब पंजाब के अमृतसर और पटियाला में विजिबिलिटी जीरो रिकॉर्ड की गई जबकि चंडीगढ़ में 500 मीटर तक दृश्यता दर्ज की गई. वहीं, दिल्ली के पालम इलाके में भी जीरो विजिबिलिटी रही. वेस्ट राजस्थान के गंगानगर इलाके में भी जीरो दृश्यता रही. जबकि बीकानेर में 200 मीटर, चूरू और जैसलमेर में 500 मीटर और अजमेर में 200 मीटर विजिबिलिटी रिकॉर्ड की गई.

Odisha

## 70 साल की मां को ही खंभे से बांधकर बुरी तरह पीटा, बेटे ने दी फूल गोभी खाने की इतनी बड़ी सजा

**भुवनेश्वर, (एजेंसी)** जब माता-पिता बुजुर्ग हो जाते हैं, तो बच्चे ही उनका सहारा बनते हैं। यह बेहद आम वाक्य है, जिसे फिल्मों से लेकर आम जीवन में कई बार सुना गया है। अब ओडिशा में ऐसे मामला सामने आया है, जहां एक बेटे ने रिश्तों को तार-तार कर दिया और अपनी ही मां को खंभे से बांधकर कथित तौर पर बुरी तरह पीटा। खबर है कि पुलिस भी मामले में सक्रिय हो गई है और मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना ओडिशा के केउनझार जिले की है। रिपोर्ट के अनुसार, यहां एक महिला को उसके बेटे ने ही खेत से फूल गोभी तोड़ने के आरोप में खंभे से बांधकर पीटा। खबर है कि 70 वर्षीय महिला ने अपने छोटे बेटे के खेत से फूल गोभी तोड़कर खा ली थी। इसके बाद विवाद खड़ा हुआ और दोनों के बीच जमकर बहस हुई। बहस के बाद बेटे ने महिला को खंभे से बांधा और बुरी तरह पीटा। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंचे गांववालों को भी महिला के बेटे की नाराजगी का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, युवक गांववालों को धमकियां भी दे रहा था। हालांकि, ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी कि बाद में महिला को बचाया गया और इलाज के लिए वसुदेवपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया।

Uttarpradesh

## महिला का इंस्टाग्राम हैक कर एडिट कीं तस्वीरें, शादी से पहले सोशल मीडिया पर शेयर किए अश्लील फोटो

**भदोही, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के भदोही से हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने शादी से पहले अपनी होने वाली पत्नी की इंस्टाग्राम आईडी को हैक कर उसकी तस्वीरों को एडिट कर अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर दी. मामले की पुलिस को शिकायत मिलते ही आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. औराई थानाध्यक्ष मदनलाल ने बताया कि खमरिया पुलिस चौकी के पास रहने वाले एक 28 साल के युवक ने 20 दिसंबर को SP से मुलाकात की. इसके बाद युवक ने एक शिकायत दर्ज कराई कि जिस महिला से उनकी शादी होने वाली है. उसकी इंस्टाग्राम आईडी हैक कर किसी ने फोटो को एडिट कर अश्लील फोटो में बदल दिया है और सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया है.

New Delhi

## दिल्ली के बुराड़ी अस्पताल में महिला स्टाफ से की जाती थी गंदी-गंदी डिमांड, पीड़िताओं ने पुलिस को सौंपी रिकॉर्डिंग

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के बुराड़ी स्थित सरकारी अस्पताल में संविदा पर कार्यरत तीन महिला कर्मचारियों ने अपनी कंपनी के अधिकारियों पर कथित तौर पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। पीड़िताओं की शिकायत पर मंगलवार को छेड़छाड़, धमकी देने और मारपीट करने की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीनों महिला कर्मियों ने थाने में लिखित शिकायत दी थी, जिसके अनुसार, 17 से 19 दिसंबर के बीच उनके साथ छेड़छाड़ और मारपीट की गई।

पीड़ित महिलाओं ने बताया कि वे संविदा पर निजी कंपनी के जरिये बुराड़ी अस्पताल में तैनात हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नौकरी से निकालने की धमकी देकर कंपनी के मैनेजर राजकुमार और तीन सुपरवाइजर नीरज, आदर्श व दीपक ने उनके साथ यौन शोषण किया। विरोध करने पर तीनों को जान से मारने की धमकी देकर मारपीट भी की। इसे लेकर महिला कर्मचारियों ने बुराड़ी अस्पताल और थाने पर हंगामा किया। महिलाओं ने कुछ रिकॉर्डिंग भी पुलिस को सौंपी, जिनमें कुछ आरोपी इन महिलाओं से फोन पर आपत्तिजनक बात कर रहे हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

खेल

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए ऋतुराज, इंडिया-ए के कप्तान बने

मुंबई। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 26 दिसंबर से दो मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो रही है। पहला टेस्ट सेंचुरियन में खेला जाएगा। वहीं, दूसरा टेस्ट तीन जनवरी से केप टाउन में खेला जाएगा। टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका में कभी टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। रोहित शर्मा के नेतृत्व में इस बार भारतीय टीम इतिहास रचने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले ही टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है। ऋतुराज गायकवाड़ अंगुली में फ्रैक्चर के साथ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए। बीसीसीआई ने शनिवार को इसका आधिकारिक एलान किया है और रिप्लेसमेंट की घोषणा भी कर दी है। ऋतुराज के रिप्लेसमेंट के तौर पर जिस खिलाड़ी को टीम में लाया गया है, वह इंडिया-ए टीम की कप्तानी भी कर चुका है और घरेलू क्रिकेट में उनके नाम काफी रन हैं। वहीं, दक्षिण



अफ्रीका में ही मौजूद सरफराज खान की एक बार फिर अनदेखी की गई है।

बीसीसीआई ने ऋतुराज का हेल्थ अपडेट देते हुए कहा- उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में फील्डिंग करते हुए दाएं हाथ की अंगुली में चोट लग गई थी। उनका स्कैन किया गया और विशेषज्ञों से सलाह लेने के बाद बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें दौरे के बाकी मैचों से बाहर कर दिया। वह अपनी चोट के आगे के प्रबंधन के लिए एनसीए को रिपोर्ट करेंगे। पुरुष चयन समिति ने उनकी जगह अभिमन्यु ईश्वरन को टीम में शामिल किया है।


ऋतुराज वनडे और टी20, दोनों में डेब्यू कर चुके हैं, लेकिन टेस्ट में उन्होंने अभी तक एक भी मैच नहीं खेला है। वहीं, ईश्वरन बंगाल की टीम से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उनके पास 88 फर्स्ट क्लास मैच खेलने का अनुभव है और वह पहले भी टीम इंडिया में शामिल हो चुके हैं, लेकिन अंतराष्ट्रीय डेब्यू का मौका नहीं मिला है। ईश्वरन ने इंडिया-ए की काफी समय तक कप्तानी की है।

ईश्वरन ने 88 फर्स्ट क्लास मैचों में 47.24 की औसत से 6567 रन बनाए हैं। इनमें 22 शतक और 26 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा 88 लिस्ट-ए मैचों में उनके नाम 47.49 की औसत से 3847 रन हैं। इनमें नौ शतक और 23 अर्धशतक हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 233 रन ईश्वरन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। ईश्वरन फिलहाल इंडिया-ए के साथ दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर ही हैं। इंट्रा स्क्वॉड तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच में उन्होंने अर्धशतक भी जड़ा।

मीडिया रिपोर्ट्स में सरफराज खान के भी टीम में शामिल होने की बात चल रही थी। मुंबई के इस बल्लेबाज ने घरेलू क्रिकेट में काफी शानदार प्रदर्शन किया है और रणजी ट्रॉफी में खूब रन बनाए हैं। सरफराज फिलहाल इंडिया-ए टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका में हैं और भारत की सीनियर टीम के साथ इंट्रा स्क्वॉड प्रैक्टिस मैच खेल रहे हैं।

सिनेमा

## रणबीर कपूर से लेकर प्रभास तक, राम मंदिर के उद्घाटन में इन स्टार्स को मिला न्यौता!



अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को वह मौका आने वाला है जिसका लोगों को दशकों से इंतजार है। राम जन्मभूमि पर भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। अलग-अलग क्षेत्रों के कई दिग्गज इस खास मौके का गवाह बनेंगे और एक रिपोर्ट के मुताबिक बॉलीवुड से भी कई लोगों को न्यौता मिला है। लिस्ट में विवादित फिल्म 'आदिपुरुष' में लीड रोल प्ले कर चुके एक्टर प्रभास का भी नाम होने की खबर है। इसके अलावा महानायक अमिताभ बच्चन और माधुरी दीक्षित भी इस खास पल की गवाह रह सकती हैं। राम मंदिर में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर बॉलीवुड से अनुपम खेर और अक्षय कुमार समेत अमिताभ बच्चन, माधुरी दीक्षित, अनुपम खेर, अजय देवगन, सनी देओल, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, प्रभास, आयुष्मान खुराना, टाइगर श्रॉफ और सुपरस्टार यश के शरीक रहने की खबर है। इतना ही नहीं लिस्ट में कई दिग्गज डायरेक्टर्स के भी नाम होने की खबर सामने आई है। सुपरस्टार एक्टर्स के बाद अगर फिल्म निर्देशकों की बात करें तो स्टार डायरेक्टर राजकुमार हिरानी, संजय लीला भंसाली, महावीर जैन और रोहित शेट्टी के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर मौजूद रहने की जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक लिस्ट में दिग्गज निर्देशक एस.एस.राजामौली का नाम नहीं है। हालांकि साउथ के कई बड़े निर्देशकों को इस इवेंट में आने का न्यौता जरूर मिला है। साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री से सुपरस्टार रजनीकांत, चिरंजीवी, मोहनलाल, धनुष और कांतारा फेम एक्टर ऋषभ शेट्टी को इस इवेंट में शामिल होने के लिए इनवाइट किया गया है। खबरों की मानें तो इस साल के अंत तक राम मंदिर का निर्माण पूरा हो जाएगा और 22 जनवरी को इसका इनॉगरेशन होना है।

## संपादकीय

### सेना में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी

सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी, 2020 में स्थिति को बिल्कुल स्पष्ट कर दिया कि महिलाएं भी सेना में पुरुषों की तरह कमांड यानी किसी सैन्य टुकड़ी के नेतृत्व का दायित्व संभाल सकती हैं। शीर्ष अदालत ने सामाजिक धारणाओं के आधार पर महिलाओं को समान मौके न मिलने को परेशान करने वाला, समानता के खिलाफ और अस्वीकार्य बताया था। इस संदर्भ में अदालत ने यह भी कहा कि सेना की सभी महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन मिले, चाहे वे कितने भी समय से कार्यरत हों। केंद्र सरकार महिलाओं के बारे में मानसिकता बदले और सेना में समानता लाने के लिए कदम उठाए। इस वर्ष कुल चार बार पदोन्नति बोर्ड का गठन किया गया और अब चयनित महिला अधिकारियों को सेना में युद्ध के मोर्चे को छोड़ कर बाकी अन्य शाखाओं में तैनात करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। गौरतलब है कि इसी वर्ष जनवरी में पदोन्नति बोर्ड ने एक सौ आठ महिलाओं को स्थायी नियुक्ति के साथ कर्नल पद के लिए चुना था। उसके बाद अब महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से सेना के उच्च पदों के ढांचे को समावेशी बनाने की दिशा में एक निरंतरता देखी जा सकती है।जाहिर है, पिछले कुछ समय से सेना में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के मकसद से जो प्रक्रिया चल रही थी, उसमें इसे एक सकारात्मक उपलब्धि के तौर पर देखा जाएगा। दरअसल, सेना में कर्नल जैसे पद पर बदलती तस्वीर का मुख्य आधार करीब तीन वर्ष पहले सर्वोच्च न्यायालय का आया वह ऐतिहासिक फैसला है, जिसके तहत महिला अधिकारियों के लिए स्थायी आयोग की व्यवस्था की गई। इसके बाद ही सेना में महिलाओं की आगे की उन्नति और पदोन्नति का मार्ग खुला। इसी क्रम में महिलाओं के लिए नेतृत्व और उच्च प्रबंधन पाठ्यक्रम शुरू किया गया। हालांकि अन्य लगभग सभी क्षेत्रों में मौका मिलने पर महिलाओं ने जिस तरह अपनी क्षमताएं साबित की हैं, उसके मद्देनजर सेना में भी उनके लिए अवसर बनने में कोई अड़चन आनी नहीं चाहिए थी। मगर कई वजहों से इससे संबंधित सवाल उठने पर नाहक ही टालमटोल होती रही। निश्चित रूप से इस मसले पर खड़ी होने वाली बाधाओं के पीछे सामाजिक धारणाओं पर आधारित एक गैरजरूरी पूर्वाग्रह रहा, जिसमें गलत दलीलों पर महिलाओं को कम करके आंका जाता रहा है।

**अर्ज़ किया है..!**

*मिरी मजबूरियाँ*
*क्या पूछते हो*
*कि जीने के लिए*
*मजबूर हूँ मैं*

*- हफ़ीज़ जालंधरी*

॥ मोरारी बापू ॥
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**किसी के प्रति हम प्रमाण पत्र ना दे... ईश्वर ने हमें यह अधिकार नहीं दिया है....**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

### सैर-सपाटा

# राम मंदिर दर्शन के लिए जा रहे हैं अयोध्या

## जानिए आसानी से पहुंचने का तरीका



अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का समय करीब आता जा रहा है। 22 जनवरी को ये ऐतिहासिक कार्यक्रम होने वाला है। रिपोर्ट्स की मानें तो इस दौरान यहां देशभर के करीब 4000 साधु संत विराजेंगे। ऐसे में इस ऐतिहासिक दिन का गवाह बनने के लिए देश के अलग-अलग शहरों से लोग राम लला के दर्शन के लिए अयोध्या जाने की प्लानिंग कर रहे हैं। अगर आप भी प्रभु श्री राम के चरणों में जाने का सोच रहे हैं तो आइए आपको बताते हैं यहां कैसे पहुंच सकते हैं।

**अयोध्या पहुंचने का आसान तरीका**

### ◆ हवाई मार्ग से कैसे पहुंचे

अगर आप फ्लाइट से अयोध्या जाने की सोच रहे हैं तो लखनऊ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या से सबसे पास हवाई अड्डा है। इसके अलावा गोरखपुर, प्रयागराज और वाराणसी हवाई अड्डों से भी पहुंच सकते हैं।

### ◆ ट्रेन से कैसे पहुंचे

आप देशभर के अलग-अलग शहरों से अयोध्या के लिए ट्रेन पकड़ सकते हैं। अयोध्या जंक्शन से राम मंदिर की दूरी लगभग छह किलोमीटर है। राम लला के दर्शन के लिए ये आपको सबसे नजदीक पड़ेगा। इसके अलावा आप फैजाबाद से भी ट्रेन ले सकते हैं। इसके अलावा अयोध्या लखनऊ से 130 किलोमीटर, वाराणसी से 200 किलोमीटर, प्रयागराज से 160 किलोमीटर, गोरखपुर से 140 किलोमीटर और दिल्ली से 636 किलोमीटर है।

### ◆ सड़क मार्ग से कैसे पहुंचे

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों की सेवाएं 24 घंटे मिलती हैं, और सभी जगहों से यहां पहुंचना बहुत आसान है। शहर लगभग 130 कि.मी. दूर है। लखनऊ से 200 कि.मी. वाराणसी से 160 कि.मी. प्रयागराज से, 140 कि.मी. गोरखपुर से और लगभग 636 कि.मी. दिल्ली से। लखनऊ, दिल्ली और गोरखपुर से बसें अक्सर मिलती रहती हैं। वहीं वाराणसी, प्रयागराज और दूसरी जगहों से भी बसें अपने समय के अनुसार मिलती हैं।

## Highlights

1. **PM calls MK Stalin, deputes Sitharaman to assess Tamil Nadu floods**
2. **Govt will decide after looking into it deeply: K'taka Min on Hijab issue**
3. **Two Elderly Women Devotees Pass Away During Vrindavan Temple Visit**
4. **Flight operations affected at Delhi airport as fog brings down visibility**
5. **India records 628 new COVID-19 cases, active cases cross 4,000**

# IQOO 12 as Android's torchbearer for speed, with inspiration from BMW Motorsport



**NEW DEIHI, (Agency).** The winds of change. An emerging contrast from a time when IQOO as a brand wouldn't perhaps figure prominently in a conversation about Android flagship phones worth spending money on, to the IQOO 12 which is a flagship phone that's difficult to ignore. Even if for conversation's sake, complete with BMW Motorsport's tricolour for good measure. If this being the first phone in India powered by Qualcomm's latest Snapdragon 8 Gen 3 mobile platform didn't convince you, the motorsport legacy's inspiration should.

There's perceived value that's onside too. Before discounts, cashbacks and a variety of offers, the 12GB RAM and 256GB storage config is priced at ₹52,999. Step up to 16GB+512GB and that's ₹57,999. Tremendous difference to Samsung's Galaxy S23 series, which starts at ₹79,999 and you must still go much higher in the price band to find some parity in specs and performance with the IQOO 12. It's even undercutting the OnePlus 11 variants (no pressure then, ahead of the OnePlus 12 in early 2024).

There are two colours to pick from – Legend (the one we're reviewing here) and a closer to conventional black-er colourway called Alpha. Specific to the Legend is an enamel glass finish on the back, with metal frame for the flat side spines. Nothing to complain about the ergonomics, except the phone can be a bit slippery if you aren't careful. Good enough reason to use a transparent case (helpfully, there's one in box), more so to protect the BMW Motorsport tricolour. A highlight is the processor, IQOO 12's not-so-secret ingredient. Being the first flagship with Qualcomm Snapdragon 8 Gen 3 gives it an advantage of time. It's competition, including OnePlus 12, arrive a month or so later. Simply put, there isn't a phone that matches IQOO 12 for outright performance, at least for now. It is not just a factor how quickly apps open, games load or multitasking smoothness.

# Paytm lays off over 1000 employees as cost-cutting measure, more job cuts likely

**NEW DEIHI, (Agency)** As the string of layoffs in 2023 continues, Paytm's parent company One 97 Communications has decided to fire over 1,000 employees across various departments in an effort to cut costs across the company, reported the Economic Times.




Paytm is in the process of realigning various businesses and thus, is looking to cut costs, reported ET. This means that there could be more layoffs across the company in the coming months. The layoffs have all taken place over the last few months. This means that over 10 per cent of the entire workforce at Paytm will be impacted by this move. This move also comes on the heels of thr UPI platform's withdrawal of small-ticket consumer lending and its "buy now pay later" lending segment.

After over 1000 job cuts, the layoffs in Paytm have become one of the biggest layoffs in a new-age tech firm in India. Startup companies have been leading in layoffs across India this year, cutting thousands of jobs amid lack of funding and economic restructuring of the company.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक